तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026



10 साहू समाज छत्तीसगढ़ का एक प्रगतिशील समाजः सीएम साय




12 लोक कलाओं को समृद्ध बनाना हम सबकी जिम्मेदारीः शिवांगी चतुर्वेदी










**8 वर्षीय बालिका ने गीता पाठ सुनाकर समग्र हिन्दू समाज में किया नयी ऊर्जा का संचार**

# हिन्दू धर्म की मजबूती से ही विश्व का कल्याणः उदयनाथ महाराज

## मैनपुर में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर वन परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर सनातन धर्म और सामाजिक चेतना के प्रति अपनी आस्था और सहभागिता का परिचय दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों का प्रचार–प्रसार करना तथा वर्तमान समय में हिंदू समाज के समक्ष राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न हो रही चुनौतियों पर गंभीर चिंतन करना रहा।

सम्मेलन में प्रमुख धर्माचार्यों मुख्य अतिथि संत बाबा उदय नाथ महाराज, अतिविशिष्ट अतिथि जिला संयोजिका विश्व हिंशद गरियाबंद विनीता शर्मा, मुख्य वक्ता भारतीय किसान संघ जिला पालक अधिकारी एवं जनजातीय गौरव समाज जिला प्रवक्ता अभिमन्यु ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित थे। विश्व हिंदू परिषद जिला संयोजिका विनीता शर्मा ने अपने ओजस्वी संबोधनों में सनातन धर्म की महत्ता को विस्तार से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा–पाठ या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण जीवन पद्धति है, जो मानव को सत्य, अहिंसा, करुणा, संयम और कर्तव्यबोध के मार्ग पर अग्रसर करती है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को अपनाकर ही ▶▶| शेष पेज 10 पर



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मोहित द्विवेदी, राम जी तिवारी, मुकेश सिन्हा, रूपेश साहू ,नंदकिशोर चौबे, पंडित योगेश शर्मा, दिनेश सिन्हा,संजय त्रिवेदी, कांति सिन्हा, अमृत नागेश, रामस्वरूप साहू ,दैनिक मंडावी, केशव बंछोर ,पारस सिन्हा प्रेम सोनवानी, राजकुमार सोनवानी , राकेश दुबे, संतोष यादव, विजय बहादुर परिहार, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, मैनपुर सरपंच हनिता नायक, सरिता ठाकुर ,बबीता निर्मलकर, चेतन यादव, डाकेश्वर नेगी, दिनेश शर्मा, गजेन्द्र यादव, तिजेश्वर सोनवानी, नरेश सिन्हा, देवेन्द्र सिन्हा, देवराज साहू, सवितानंद साहू, दिनेश सचदेव, पुष्पा नेगी, राधिका पटेल एवं सैकड़ो की संख्या में क्षेत्र भर से लोग उपस्थित थे। इस दौरान संस्कार पब्लिक स्कूल एवं सरस्वती शिशुमंदिर स्कूल के बालक बालिकाओ द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।



### सभी के सुख और निरोगी रहने की कामना करता है हिन्दू धर्मः चौबे

विराट हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए पंडित नंदकिशोर चौबे ने कहा हिन्दू धर्म की मजबुती से ही विश्व का कल्याण है पूरी सृष्टि में एकमात्र सनातन धर्म है जो सभी की सुख और निरोग की कामना करता है। सम्मेलन के दौरान उपस्थित जनसमूह ने वक्ताओं के विचारों को गंभीरता से सुना और उन्हें अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अनेक हस्तियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया और बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया जो मनमोहक रहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों कि ओर पंडित नंदकिशोर चौबे द्वारा सभी अतिथियों, वक्ताओं और उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया गया तथा समाजहित में इस प्रकार के प्रेरणादायक आयोजनों को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया गया।

# ठंड का फिर बढ़ा असर, दिनभर सर्द हवाओं ने लोगों को किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



क्षेत्र में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। रात के तापमान में हल्की राहत के बावजूद दिन के समय ठंड का असर लोगों को परेशान कर रहा है। बुधवार को शहर में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग दो डिग्री अधिक रहा, लेकिन अधिकतम तापमान सामान्य से कम दर्ज होने के कारण दिनभर ठंड का अहसास बना रहा।

■ **आने वाले दिनों में और गिर सकता है पारा, बढ़ेगी ठंड की तीव्रता**

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री तक की गिरावट हो सकती है, जिससे ठंड का असर और तेज होगा। बुधवार की सुबह शहर का आसमान बादलों से ढका रहा और धूप देर से निकली। उत्तर-पश्चिम दिशा से चल रही ठंडी हवाओं के कारण सुबह के समय ही लोगों को ठिठुरन का सामना करना पड़ा। ठंड का असर इतना था कि दिन चढ़ने के बाद भी लोग स्वेटर, जैकेट और गर्म कपड़ों में नजर आए। दोपहर में भी मौसम में खास सुधार नहीं हुआ। अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, डिग्री अधिक था। रात के समय जरूर लोगों को कुछ राहत मिली है, क्योंकि न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है, लेकिन सुबह और दिन के समय सर्द हवा ने ठंड बढ़ा दी है।

### उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही सर्द और शुष्क हवाएं

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर धीरे-धीरे खत्म हो रहा है, जिसके बाद उत्तर-पश्चिम दिशा से शुष्क और सर्द हवा जिले में प्रवेश कर रही हैं। इसका सीधा असर तापमान पर पड़ेगा और आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। शुष्क हवाओं के कारण सुबह के समय कोहरे का असर फिर देखने को मिलेगा।




### माता राजिम के बताए संदेश मानव जीवन के लिए कल्याणकारी

# साहू समाज छत्तीसगढ़ का एक प्रगतिशील समाजः सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

बुधवार को सीएम विष्णुदेव साय धर्म नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में आयोजित भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ भगवान श्री राजीव लोचन एवं भक्त माता राजिम की पूजा अर्चना कर प्रदेश और समाज की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महोत्सव में शामिल समाज के नागरिकों ने मुख्यमंत्री को गजमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।

सीएम साय ने महोत्सव स्थल पर जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि साहू समाज एक प्रगतिशील समाज है, हम सबको राजिम भक्तिन माता एवं माता कर्मा के बताए संदेशों का अनुसरण करना चाहिए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भक्त माता राजिम और भक्त माता कर्मा की जयकारे के साथ कहा कि आज हम सब भगवान श्री राजीव लोचन की पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना किए है। बुधवार को सिरकट्टी आश्रम में भी 9 करोड़ रुपए के लागत से भव्य श्रीराम जानकी मंदिर में धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। इस पुण्य अवसर पर हमें शामिल होने का सौभाग्य मिला। जैसे अयोध्या धाम में धर्म ध्वजा स्थापना किए है। उसी तर्ज पर यहां सिरकट्टी आश्रम में भी धर्म ध्वजा स्थापित किया गया है। मेरा सौभाग्य है कि एक साल पहले भी इस अवसर पर शामिल होने का अवसर मिला था। श्री साय ने कहा कि साहू समाज समृद्ध और शिक्षित समाज है। हर दृष्टिकोण से समृद्ध रहा है। इतिहास भी समृद्ध रहा है। हम सबको दानवीर भामाशाह, बाबा सत्यनारायण जी का आशीर्वाद मिल रहा है। यह समाज निरंतर विकास करें, यही कामना है जब समाज एक जुट होगा तो केवल समाज ही नहीं प्रदेश और देश भी शक्तिशाली और समृद्ध बनता है। समाज का अनेक कार्यक्रम अनुकरणीय है। सामूहिक विवाह एक अनुकरणीय पहल है। हम राजिम दाई के आशीर्वाद से हर गारंटी को पूरा कर रहे हैं। राज्य समृद्ध है खनिज, वन, उर्वरा से भरपूर है। अब नक्सलवाद से जवान पूरी ताकत से लड़ रहे हैं। हम सबका संकल्प है कि 31 मार्च तक बस्तर को नक्सल मुक्त कर देंगे। आज 400 गांव को आबाद किए हैं। राज्य के विकास में बाधक नक्सलवाद अब खात्मा की ओर है। राज्य को हम सब समृद्ध दिशा में लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज के हर आयोजन के लिए सरकार साथ है। उन्होंने प्रदेशवासियों को राजिम माता भक्तिन जयंती की बधाई दी और कहा कि राजिम माता ने जिस साहू समाज को अपनी मेहनत और त्याग से संगठित किया, आज वह समाज शिक्षा, कृषि व व्यवसाय सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है।





**लड्डुओं से तौले गए सीएम साय...**

**राजिम।** बुधवार को राजिम भक्तिन माता जयंती कार्यक्रम में पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय का राजिम विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में भव्य स्वागत हुआ। राजिम को नगर पालिका बनाए जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सीएम श्री साय को लड्डुओं से तौला गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव तथा सभी पार्षद मौजूद थे। राजिम में सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरूण साव, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और विधायक रोहित साहू भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर पहुंचकर पूरे छत्तीसगढ़ के खुशहाली सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना किया। मंच में राजिम भक्तिन माता की पूजा अर्चना पूरे भक्ति भाव से की गई।



**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, नेताप्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, विधायक इंद्रकुमार साहू, पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू , चुन्नीलाल साहू, लेखराम साहू, समाज के प्रदेशाध्यक्ष डॉ नीरेन्द्र साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू, प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, प्रदेश साहू संघ के युवा प्रकोष्ट के अध्यक्ष राजू साहू, नगर पालिका नवापार के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, पिपरौद परिक्षेत्र साहू समाज के उपाध्यक्ष हेमंत साहू, भूमिका साहू, धनमती साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू, रामअधार साहू, देवकी साहू, खुशी साहू, महेश साहू, बाबूलाल साहू, डॉ रामकुमार साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, किशोर साहू, नेपाल साहू, रविशंकर साहू, प्रेमलाल साहू, धीरज साहू, संजीव साहू, जिला साहू संघ उपाध्यक्ष साधना साहू, डॉ महेंद्र साहू, भवानीशंकर साहू, कुलेश्वर साहू, श्याम साहू, भोले साहू, ओमप्रकाश साहू, किरण साहू, प्रवीण साहू, डॉ लीलाराम साहू, युवराज साहू, श्रीकांत साहू, कुंजबिहारी साहू, मिंजुन साहू, रामु राम साहू, महेंद्र साहू, सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग मौजूद थे।

**साहू समाज है सबको दिशा देने वाला : डिप्टी सीएम :** इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने राजिम भक्तिन माता की जयंती एवं नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि साहू समाज एक संगठित समाज के रूप में जाना जाता है। आज हम सभी राजिम माता की जयंती मनाने आये हैं। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि त्रिवेणी संगम के इस पावन धरती से प्रेरणा लेकर जाएंगे और मिलकर समाज के विकास के लिए काम करेंगे। समाज का इतिहास अत्यंत वैभवशाली है उसे और वैभवशाली बनाना है। हमें एक और बेहतर समाज बनाना है। हम सब मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि साहू समाज सबको दिशा देने का काम करता है और सभी समाजों को साथ लेकर चलता है।

**मारे साहू समाज की आराध्य देवी है माता राजिमः डॉ नीरेंद्र साहू :** साहू समाज के प्रदेशाध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू ने स्वागत भाषण में राजिम भक्तिन माता की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे हमारे साहू समाज की आराध्य देवी है। साहू समाज ने अनेक कल्याणकारी और अनुकरणीय कार्य किए है जो न केवल हमारे समाज के लिए बल्कि अन्य समाज के लिए भी अनुकरणीय है।

**राजिम त्याग, तपस्या, साधना और श्रम की भूमि हैः तोखन साहू**

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि आज का यह उत्सव केवल उत्सव नहीं है। बल्कि यह त्याग, तपस्या, साधना और श्रम की भूमि है। यहां भगवान से पहले भक्त का नाम आता है, धन्य है यह भूमि। उन्होंने माता राजिम भक्तिन की महिमा का बखान करते हुए कहा कि हमें उन महान विभूतियों को याद करना चाहिए। भगवान को खिचड़ी खिलाने वाले समाज से हमारा समाज का नाता है।हम अपने पुरखों के योगदान को याद करके समाज को आगे ले जा सकते हैं। शिक्षा और संस्कार भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का भी लाभ लेना चाहिए।

**राज्य के विकास के योगदान में साहू समाज की अहम भूमिका - चरणदास महंत**

विधानसभा प्रतिपक्ष के नेता डॉ चरण दास महंत ने कहा कि राज्य के विकास के योगदान में साहू समाज की अहम भूमिका है। सबसे ज्यादा संख्या साहू समाज की है। इनकी तरक्की और विकास से पूरा राज्य का विकास होगा।सामूहिक विवाह आज समाज का एक अनुकरणीय परम्परा बन गया है। उन्होंने कहा कि विदेश में रहकर भी समाज की भलाई के बारे में सोचते हैं।

**राजिम भक्तिन माता का जीवन हमें त्याग, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है - विधायक रोहित साहू**

राजिम विधायक रोहित साहू ने राजिम भक्तिन माता जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीते वर्ष मुख्यमंत्री ने राजिम भक्तिन माता की प्रतिमा के लिए 5 करोड़ रुपए स्वीकृति दी है। इसके लिए उन्होने सीएम विष्णुदेव साय का आभार प्रकट किया। इसके साथ ही उन्होंने राजिम को नगर पालिका का दर्जा दिए जाने के लिए भी राजिमवासियों की तरफ से धन्यवाद दिया। मालूम हो कि राजिम में आयोजित भक्तिन माता जयंती कार्यक्रम में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक चेतना का भव्य दृश्य देखने को मिला । इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने भक्तिन माता के जीवन, भक्ति और अद्भुत शक्ति पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए । कहा कि भक्तिन माता की भक्ति और उनकी शक्ति ही समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। माता का जीवन हमें त्याग, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भक्तिन माता केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक जागरण की महान प्रेरणा हैं। उनके आदर्शों पर चलकर समाज में एकता, भाईचारा और नैतिक मूल्यों की स्थापना संभव है।

---

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार मनरेगा का नाम बदल योजना को बंद करने की रच रही साजिशः सुकचंद

**मैनपुर।** केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विरासत को मिटाने की साजिश रची जा रही है। यूपीए सरकार ने गरीबों को रोजगार की गारंटी देने के लिए मनरेगा बनाया था, लेकिन इसे अब पूंजीपतियो के इशारे पर ठेकेदारी प्रथा में बदलने की कोशिश हो रही है, यह मजदूरों के हक पर सीधा हमला है। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष सुकचंद बेसरा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा जिसे वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा लागू किया गया था। यह एक अधिकार आधारित कानून है जो प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी, रोजगार की मांग करने का वैधानिक अधिकार देता है। कानून के तहत राज्य सरकार 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है अन्यथा बेरोजगारी भत्ता देय होता है। यही वैधानिक गारंटी मनरेगा की मूल और परिभाषित विशेषता है, लेकिन भाजपा सरकार द्वारा नया वीबी जी राम जी अधिनियम इस पूरे ढांचे से एक मौलिक विचलन है, यह काम वैधानिक गारंटी को समाप्त करता है। निर्णय प्रक्रिया का केन्द्रीयकरण केन्द्र सरकार के हाथों में करता है। ग्रामसभाओं और पंचायत को कमजोर करता है।



पेज 9 के शेष

### हिन्दू धर्म की मजबूती...

समाज और राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। इस अवसर पर संत बाबा उदय नाथ महाराज जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सम्मेलन के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोने, सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने और राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से धर्म, संस्कृति और राष्ट्रहित से जुड़े कार्यों में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उमेशानंद गिरि ने विश्वास व्यक्त किया कि यदि समाज इन मूल्यों को आत्मसात कर ले, तो भारत पुनः विश्वगुरु के गौरवपूर्ण स्थान पर स्थापित हो सकता है।

---

## सड़क सुरक्षा माह के तहत गरियाबंद पुलिस का जागरूकता अभियान

- यातायात नियमों के पालन का दिया संदेश, आमजन हुए शामिल

**गरियाबंद।** सड़क सुरक्षा माह एवं छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025–26 के अवसर पर गरियाबंद पुलिस द्वारा आमजनों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।



अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, वाहन चलाते समय सुरक्षित दूरी बनाए रखने, पैदल चलते समय सावधानियों तथा ट्रैफिक सिग्नल और नियमों के पालन की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सड़क सुरक्षा से संबंधित पर्चे एवं जागरूकता सामग्री का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम उन्हें स्वयं की सुरक्षा के प्रति सजग बनाते हैं और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करते हैं। गरियाबंद पुलिस ने बताया कि आगामी दिनों में भी जिले के विभिन्न स्थानों पर इसी तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि सभी नागरिक सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक, सतर्क और जिम्मेदार बन

## सहायक शिक्षक फेडरेशन ने वीएसके आदेश के विरोध में किया प्रदर्शन

**फिंगेश्वर।** 5 जनवरी सोमवार को छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, ब्लॉक इकाई फिंगेश्वर द्वारा वीएसके के त्रुटिपूर्ण एवं संशयपूर्ण आदेश के संबंध में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, शिक्षा मंत्री एवं स्कूल शिक्षा सचिव के नाम विकासखंड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर हेमंत कुमार साहू कम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से सभी शिक्षकों द्वारा यह मांग की गई कि टैज्ञ का कार्य शिक्षकों के निजी मोबाइल फोन से न कराकर शासन द्वारा आवश्यक डिवाइस उपलब्ध कराई जाए, ताकि कार्य सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से किया जा सके।



इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार धुरव, संतोष कुमार साहू, विजय कुमार महोबिया, नरेश साहू, घनश्याम साहू, लक्षेन्द्र साहू, नरेंद्र कुमार कंवर सहित अन्य शिक्षक साथीगण उपस्थित रहे।

**एक दिवसीय दौरे पर आए प्रांत संगठन मंत्री ने दीक्षित परिवार से की सौजन्य मुलाकात**

## रामनाथ कश्यप ने छुरा में आदिवासी समाज के विकास और शिक्षा पर की व्यापक चर्चा

**छुरा।** आदिवासी कल्याण आश्रम के प्रांत संगठन मंत्री रामनाथ कश्यप एक दिवसीय दौरे पर रायपुर से छुरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नगर के प्रतिष्ठित दीक्षित परिवार से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की। भेंट के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन तथा आदिवासी समाज के अस्तित्व और अस्मिता से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

वहीं कश्यप ने बताया कि आदिवासी कल्याण आश्रम द्वारा वर्षों से आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, आत्मनिर्भरता तथा सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत जनजातीय समुदायों की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। चर्चा के दौरान छुरा क्षेत्र के मुढ़ीपानी गांव की विशेष पिछड़ी अनाथ कमार जनजाति की बालिकाओं की स्थिति की जानकारी दी गई। इस पर संवेदनशीलता व्यक्त करते हुए रामनाथ कश्यप ने कहा कि कमार जनजाति जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियों के बच्चों, विशेषकर बालिकाओं को शिक्षा और संरक्षण उपलब्ध कराना समाज और संस्थानों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आदिवासी कल्याण आश्रम द्वारा इन बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आवश्यक सहयोग के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।



दीक्षित परिवार के सदस्यों ने भी आदिवासी कल्याण आश्रम के कार्यों की सराहना करते हुए सामाजिक सहयोग की भावना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए इस प्रकार के प्रयास प्रेरणादायी हैं और स्थानीय स्तर पर भी सहयोग के प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्र में आदिवासी समाज के विकास, युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। रामनाथ कश्यप का यह दौरा आदिवासी हितों के प्रति संस्थान की सक्रियता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



## चतुर्भुज सिरकट्टी धाम श्रीरामजानकी मंदिर में सीएम विष्णुदेव साय ने की धर्मध्वजा की स्थापना

- 51 कुंडीय श्रीराम चरित मानस महायज्ञ का भव्य आयोजन

**गरियाबंद/पांडुका।** चतुर्भुज सिरकट्टी पावन धाम स्थित नवनिर्मित भव्य श्रीरामजानकी मंदिर में 51 कुंडीय श्रीराम चरित मानस महायज्ञ का भव्य आयोजन 6 से 12 जनवरी तक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रीरामजानकी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की तथा धर्मध्वजा की स्थापना की।


धर्मध्वजा स्थापना का कार्यक्रम संत-महापुरुषों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संत श्री 108 रामगोपाल दास महाराज (देवरघटा, शिवरीनारायण), संत श्री 108 महंत सरजू शरण महाराज (राघवेन्द्र आश्रम, अयोध्या), संत रामनारायण शरण महाराज (अयोध्या), संत उदयनाथ बाबा महाराज (कांडशर आश्रम, देवभोग), उपमुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, राजिम विधायक रोहित साहू, विधायक दीपेश साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर विधिवत धर्मध्वजा की स्थापना की।

मंगल कलश व धर्मध्वजा स्थापना का अवसर मिलना सौभाग्य की बातः सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर उपस्थित संत-महात्माओं एवं गणमान्य नागरिकों का पुष्पहार से अभिनंदन किया। उन्होंने आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन संत भुवनेश्वर शरण को नमन करते हुए कहा कि चतुर्भुज सिरकट्टी धाम में मंगल कलश एवं धर्मध्वजा स्थापना का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। मंदिर निर्माण में सहयोग देने वाले आसपास के 22 हजार परिवारों को उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत ऋषि-मुनियों, गीता, गौ माता और गंगा माता की भूमि है। जीवन में माता-पिता ही सबसे बड़े भगवान होते हैं, उनका सम्मान करना ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने अपने जीवन प्रसंग साझा करते हुए बताया कि पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते उन्होंने कम उम्र में ही गुरु दीक्षा लेकर जीवन को सही दिशा दी।

सिरकट्टी आश्रम में धार्मिक अनुष्ठानों के 50 लाख की दी आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प को वर्तमान शासनकाल में भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है तथा प्रदेश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों का लगातार विकास किया जा रहा है। इसी क्रम में चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम में सत्संग एवं धार्मिक अनुष्ठानों के संचालन के लिए मुख्यमंत्री ने 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि यह भव्य श्रीरामजानकी मंदिर अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर निर्मित किया गया है। लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से राजस्थान के जयपुर के शिल्पकारों द्वारा निर्मित यह मंदिर करीब 10 वर्षों में तैयार हुआ है, जिसमें लगभग 22 हजार परिवारों का आर्थिक सहयोग रहा। मंदिर का निर्माण छड़, सीमेंट और रेत के उपयोग के बिना किया गया है, जिसकी आयु लगभग 1000 वर्ष मानी जा रही है।





**धर्म, संस्कृति और तपस्या की भूमि है सिरकट्टी धामः पीठाधीश**

आश्रम के मुख्य पीठाधीश महामंडलेश्वर संत गोवर्धन शरण व्यास ने बताया कि सिरकट्टी धाम धर्म, संस्कृति और तपस्या की भूमि है, जिसका चयन संत भुवनेश्वर शरण महाराज ने वर्ष 1962 में किया था। उन्होंने कहा कि यज्ञशाला, गौशाला और पाठशाला के रूप में गुरुजी के सपने अब साकार हो रहे हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर साहू ने किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजनकर्ता महामंडलेश्वर संत गोवर्धन शरण व्यास एवं आश्रम परिवार ने मुख्यमंत्री के आगमन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मंदिर क्षेत्र में धार्मिक, सामाजिक समरसता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज



**महासमुंद।** नगर के शिव चौक नयापारा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को लक्ष्मीनारायण गोस्वामी 5 जनवरी की रात 10 बजे के आसपास वार्ड नं 6 शिव चौक नयापारा महासमुंद में उसके छोटे भाई शिवा गोस्वामी के साथ पंकज जलक्षत्री किसी बात को लेकर लड़ाई-झगड़ा कर रहा था, जब उसने समझाने का प्रयास किया तो आरोपी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट व जान से मारने की धमकी देते हुए किसी नुकीली वस्तु से बाएं जांघ के पास और बाएं हाथ में मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### कट मारकर बाइक चलाने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** कट मारकर बाइक चलाने से मना करने पर मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को चंद्रहास यादव धरमपुर थाना सांकरा ने बताया कि 06 जनवरी को वह अपने गृहग्राम धरमपुर से सुबह करीबन 10 बजे अपने जीजा मिनीकेतन बगर्ती के साथ अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीए 6083 से अपने ससुराल ग्राम डोंगरीपाली जाने के लिये निकला था। करीब 12.30 बजे ग्राम टेका पहुंचने पर उक्त गांव के सूर्या के द्वारा अपनी मोटर सायकल कट मारकर चलाया गया, जिसे उसने मना किया, तब आरोपी सूर्या के द्वारा मुझे गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए किसी धारदार वस्तु से मेरे बांये कंधे में मारकर चोट पहुंचाया है। बीच बचाव करने पर उसके जीजा मिनीकेतन बगर्ती के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 118(1), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## श्रद्धांजलि

### उमेश साहू



**छुरा।** शिक्षक उमेश साहू (50) का निधन ग्राम गोंदलाबाहरा मे हो गया। है स्वर्गीय उमेश साहू ग्राम पंडरी पानी के शिक्षक थे उमेश साहू काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे लंबी बीमारी के कारण आज उनके निधन पर नगर के नागरिक एवं पत्रकारों ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए उनके आत्मा के शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किए है श्रद्धांजलि व्यक्त जो किए हैं पत्रकार नरेंद्र तिवारी,संतोष जैन, यशवंत यादव,अशोक दीक्षित,समद खान, पुनिताराम ठाकुर नीलकंठ ठाकुर, अशोक दीक्षित,मंगल मूर्ति सोनी,प्रदीप मिश्रा,नेमीचंद यादव, जिवेन्द्र ध्रुव,खिलावन ध्रुव के अलावा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जी के साथ-साथ पुरे विकासखंड के समस्त शिक्षक गण ने स्वगीय र्उमेश साहू के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि प्रकट किए हैं।


**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री देवकरण मरकाम पिता श्री गीताराम मरकाम निवासी-श्री राधाकृष्ण निवास, वार्ड क्रमांक- 8, डाकबंगला, गरियाबंद (छ.ग.) के स्वामित्व की भूमि ग्राम कोदोबतर, प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. गरियाबंद तहसील गरियाबंद जिला गरियाबंद (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 127/1 रकबा 1.6200 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है। यह कि उक्त सौदा के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था या बैंक, निगम इत्यादि को कोई उजर दावा, आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 5 दिन के भीतर मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में म्याद गुजर जाने पर कोई उजर, आपत्ति, दावा अमान्य, अवैध एवं शून्य होगी। विक्रेता द्वारा मेरे पक्षकार के साथ किये गये विक्रय इकरानामा के पश्चात भी अगर कोई विक्रय इकरारनामा/विक्रय विलेख निष्पादित किया जाता है तो वह शून्य अवैध होगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही रहेगा। सूचना जनहितार्थ प्रकाशित।

रायपुर दिनांक 07.01.2026

**सचिन श्रीवास्तव अधिवक्ता**
**मारूति होम्स, सी-9, कोटा रायपुर**
**(छ.ग.), मो.नं. 92292-62656**


# विभाग सख्त, जिले में खनिज अवैध परिवहन के 6 प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के साथ जिले में अवैध धान भंडारण एवं संग्रहण के विरुद्ध


हरिभूमि
जोंक नदी के बल्दीडीह घाट से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन जारी

### कुल एक लाख 20 हजार से अधिक की समझौता राशि वसूल

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में लगातार जारी कार्रवाई जारी है। खनिज राजस्व अमला द्वारा जोंक नदी के बल्दीडीह घाट क्षेत्र में जांच के दौरान आबंटित क्षेत्र से अधिक जगह किए जा रहे खना और अन्य अनियमितताओं के संबंध में खनिज विभाग द्वारा संबंधित (रोहित साहू एवं शिवपूजन गुप्ता) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

खनिज अधिकारी फागू लाल नागेश ने बताया कि बल्दीडीह रेत खदान 21 अक्टूबर 2024 से 20 अक्टूबर 2029 तक की अवधि हेतु उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। इसी क्रम में लिलेसर रेत घाट क्षेत्र में अवैध उत्खनन की सूचना पर खनिज विभाग द्वारा 26 दिसम्बर की मध्यरात्रि में औचक जांच की गई। जांच के दौरान 01 नग चैन माउंटेन मशीन को जप्त कर ग्राम पंचायत परिसर में सीलबंद किया गया। इस संबंध में ग्राम कोटवार एवं सरपंच, ग्राम पंचायत लिलेसर को विधिवत सूचना दी गई। उक्त अवैध उत्खनन के प्रकरण में चेन माउंटेन ऑपरेटर गोविंदा डोहरे तथा चेन माउंटेन मशीन के मालिक/उत्खननकर्ता नीरज साहू, निवासी सुवरमाल, तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार विभाग द्वारा विगत एक सप्ताह में खनिज के अवैध परिवहन के कुल 06 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। खनिजवार रूप से रेत के 05 प्रकरण, फर्शी पत्थर के 02 प्रकरण तथा मुरूम का 01 प्रकरण दर्ज कर कुल एक लाख 20 हजार 150 रुपए की समझौता राशि वसूल कर निर्धारित मद में जमा कराई गई है। खनिज विभाग द्वारा जिले में किसी भी प्रकार के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

खबर का असर

### अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई, 1350 कट्टा धान जब्त

जिले में अवैध धान भंडारण एवं संग्रहण के विरुद्ध कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार लगातार जारी कार्रवाई के क्रम में दो अलग-अलग विकासखंडों में कार्रवाई के दौरान कुल 1350 कट्टा धान जब्त किया गया। बसना विकासखंड अंतर्गत बसना एसडीएम हरिशंकर पैकरा के नेतृत्व में ग्राम मोहका में राजस्व एवं संबंधित विभागीय अमले द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान उत्तम कुमार बारीक के पास अवैध रूप से संग्रहित 1000 पैकेट धान पाया गया। मौके पर ही नियमानुसार संबंधित रकबे का समर्पण



कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई। वहीं बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत खड़ा दरहा मुंगासेर क्षेत्र में डिप्टी कलेक्टर शुभम देव के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। जांच के दौरान लगभग 350 पैकेट अवैध धान जब्त किया गया, जिसे नियमानुसार मंडी के सुपुर्द किया गया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन के निर्देशों का उल्लंघन कर अवैध रूप से धान का संग्रहण, परिवहन अथवा भंडारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## गरियाबंद कलेक्टर को आवेदन देकर की थी जांच की फरियाद

# कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश, 70 वर्षीय बुजुर्ग ने 58 दिन बाद खत्म किया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



जनपद पंचायत और आरईएस विभाग के निर्माण कार्यों की जाँच रिपोर्ट 24 घंटे के अन्दर प्रस्तुत करने के लिए कलेक्टर गरियाबंद ने जनपद पंचायत मैनपुर को निर्देश दिए हैं। इसके बाद 70 साल के बुजुर्ग रुदेश्वर साहू ने 58 दिन से चल आ रहे धरने को समाप्त कर दिया है।

ज्ञात हो की जनपद पंचायत मैनपुर और आरईएस विभाग के समस्त निर्माण कार्य का संचालन जनपद पंचायत और आरईएस विभाग द्वारा किया जाता है। रुद्रेश्वर साहू , तीव कुमार सोनी, सदेश सोनवानी द्वारा ग्राम पंचायत मुडागाँव, मुड़गेलमाल, सरनाबहाल, धनोरा, गोढ़ीयारी, दबनई , खजूरपदर में निर्माण कार्य कराया गया है। सभी निर्माण कार्यों की जांच करने के लिए कलेक्टर गरियाबंद द्वारा पत्र क्रमांक 2454, 5849 , 6274 जारी किया गया है। जिला पंचायत गरियाबंद द्वारा पत्र क्रमांक 7341 , 2170 , 2172 , 2174 , जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद से भी जांच की मांग की है। जनपद पंचायत मैनपुर के अधिकारियों द्वारा जांच नहीं की जा रही है। इस कारण से 70 साल के बुजुर्ग रुदेश्वर साहू धरना में बैठे थे। 5 जनवरी को मैनपुर पहुंचे गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमौर को 70 वर्षीय बुजुर्ग रूदेश्वर साहू एवं तीवकुमार सोनी ने फिर एक बार आवेदन देकर गुहार लगाई है। कलेक्टर द्वारा इस मामले में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, जिसके बाद 58 दिनों से हड़ताल कर रहे बुजुर्ग ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया है। बुजुर्ग रूदेश्वर साहू एवं तीवकुमार सोनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गरियाबंद कलेक्टर ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि उनकी मांग पूरी होगी, इसलिए 58 दिनों बाद धरना प्रदर्शन खत्म कर रहे हैं।



# कुल्हाड़ीघाट नदी में कायकिंग करने उमड़े रहे पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कुल्हाड़ीघाट नदी में वन विभाग द्वारा पर्यटकों के लिए कायकिंग की व्यवस्था की गई है। नया वर्ष 2026 से यहां कायकिंग करने वालों की भारी भीड़ लगी हुई है। गरियाबंद जिले के अलावा धमतरी, महासमुंद, रायपुर के साथ ही ओडिशा प्रदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचकर नदी में कायकिंग का आनंद ले रहे हैं। दूसरी ओर देवदहरा जलप्रपात देखने भी भीड़ लगी हुई है।

## चमकाने के बहाने जेवर लेकर हुआ था फरार, बिहार से गिरफ्तार

**महासमुंद।** सोना-चांदी चमकाने के बहाने करीब 10 लाख रुपए के जेवर की ठगी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को पुलिस ने बिहार के भागलपुर जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से जेवर चमकाने का रसायन (पाउडर) और दो लाख रुपए नकद बरामद किया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद से आरोपी फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार घटना 23 दिसंबर 2025 की सुबह करीब 11:30 बजे की है। आकाश चंद्राकर की मां सरिता चंद्राकर को घर में अकेली पाकर दो अज्ञात पहुंचे और खुद को बर्तन व सोना-चांदी साफ करने वाला बताकर भरोसा जताने आरोपियों ने पहले पीतल की बाल्टी साफ कर दिखाकर महिला का विश्वास हासिल किया।

# अपमानित करने की दृष्टि से दिया गया प्रश्न, हिंदू समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



कक्षा चौथी की परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर हिंदू समाज में आक्रोश व्याप्त है। इसके विरोध में हिंदू संगठनों ने डीईओ के घेराव करने की चेतावनी दी है। हिंदू संगठनों ने बताया कि जिले के अर्धवार्षिक परीक्षा सन 2025-26 कक्षा चौथी के अंग्रेजी प्रश्न पत्र के प्रथम प्रश्न में हमारे आराध्य भगवान श्रीराम को जानबूझकर अपमानित करने की दृष्टि से एक प्रश्न दिया गया। प्रश्न क्रमांक 1. what is the name of mona's dog? जिसकी संभावित उत्तर भी दिया गया है, (a)Bala, (b) no one is mentioned, (3) sheru, (4) ram। इस प्रश्न पत्र तैयार करने वाले, अनुमोदित करने वाले एवं उक्त प्रश्न को जानबूझकर विस्तार करने वाले लोगों ने एक कुत्ते का संभावित नाम सनातनी लोगों की आराध्य भगवान राम का नाम देखकर उपहास कर अपमानित किया है। इसमें हिंदू धर्म को नीचा दिखाने की दृष्टि से, आस्था को ठेस पहुंचाने एवं आराध्य को अपमान करने के लिए इस शब्द का उपयोग किया गया है, इससे समस्त हिंदू जनमानस की भावना आहत हुई है।

### ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महासमुंद द्वारा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर ऐसे अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की गई है।


## शोक-संदेश



**स्व. श्रीमती सुखिया बाई साहू**

स्वर्ग का पथ दिखला देना, चरणों में शीश झुकाये है।
इक तेरे रुप के ख़ातिर माँ, कितने संगमरमर रोये है।

**"माँ को खोने का दर्द शब्दों में पुरी तरह ब्या नहीं किया जा सकता"**

नम नयन एवं शोक संतृप्त हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे माता **श्रीमती सुखिया बाई साहू** का स्वर्गवास दिनांक 31-12-2025, दिन-बुधवार को हो गया है। अतः उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित कर हमें अनुग्रहित करें।

**कार्यक्रम**

**दशगात्रः 08-01-2026, दिन-गुरूवार, समय : दोपहर 12 बजे**
**स्थान : निज निवास श्यामनगर, राजिम (छ.ग.)**
**टीपः - तलाब कार्यक्रम 12 बजे**

**शोकाकुल :**
गोपाल, केशव, गोविन्द, बिरेन्द्र
मुकुन्द, कृष्णा भुपेन्द्र, करण, केतन
एवं समस्त साहू परिवार

**फर्म :-**
प्रकाश हार्डवेयर, केशव इलेक्ट्रिकल
गोविंद जनरल & क्लॉथ सेटर, कृष्णा च्वाईस सेंटर



**विनीत :**
कृषलाल साहू (पुत्र)
नोहर राम साहू (पुत्र)
प्रकाशचंद साहू (पुत्र)
मो.9977547684
7987396067

नोट- जिस सज्जन को यदि आमंत्रण नहीं मिला हो तो इसे ही आमंत्रण स्वीकार करने की कृपा करेंगे।


# मैनपुरकला मड़ई मेला में देवी- देवताओं की पूजा अर्चना कर निकाली शोभायात्रा





**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय से 3 किमी दूर ग्राम मैनपुरकला में बुधवार को क्षेत्र के देवी- देवताओं के स्वागत के पश्चात मड़ई मेला का आयोजन किया गया। मड़ई मेले में शामिल होने क्षेत्रभर के देवी देवता एक दिन पूर्व से ही ध्वजा, पताका, डांग डोली, पालकी गाजे बाजे के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे। लोगों ने देवी देवताओं की पूजा- अर्चना कर सुख, समृध्दि, शांति व खुशहाली की कामना की। दूसरे दिन आज देवी देवताओं की शोभा यात्रा निकाल मड़ाई बिहाई गई। इस दौरान देवी देवताओं से आशीर्वाद लेने लोग उमड़ पड़े। मड़ई में अपार भीड़ देखने को मिली और दूर दूर से व्यापारी व्यापार करने पहुचे थे। ग्रामीण अंचलों के लोगों में भारी हर्ष का महौल देखा गया। मड़ई मेले में लोगों की अपनी सगी संबंधियों एवं रिश्तेदारों से मेल मुलाकात होती है। क्षेत्र के देवी देवता इस मडई में पहुंचे, जिनके स्वागत सम्मान का क्रम दिनभर चलता रहा। देर शाम तक देवी देवताओं को पान सुपारी भेंटकर उनके यथा स्थान विदा किया गया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर रतन नागेश, गोवर्धन ध्रुव, सियाराम ठाकुर, कोमल ठाकुर, हरलाल नागेश, प्रेमसाय जगत, छबि दीवान, हरिशचंद नेगी, सुंदर कपिल, बसंत जगत, किशन नागेश, थानुराम पटेल, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम, सरपंच गज्जु नेगी, उपसरपंच सुधीर राजपूत, नीरज ठाकुर, सुंदर कश्यप, मोहन नेताम, तनवीर राजपूत, धनसिंग नागेश, धनसाय नेताम, हरिराम नेताम, निहाल सिंह, रिखीराम, सेवाराम, अमरचंद, ललित राम, आनंद, गन्नुराम, घनश्याम साहू, तुलेश्वर यादव, हुलार ठाकुर, टिकम सिंह, भद्रोसिंह राजपूत, हेमलाल नागेश, सजन देववंशी, बैजनाथ नेताम, कार्तिक नागेश, शंभु देववंशी, शंकरलाल, रविशंकर बघेल, दुलेन्द्र नेगी, मुकेश कपिल, गुंजेश कपिल, विरेन्द्र राजपूत, डोमार सिंग, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, व्यास नागेश, भुनेश्वर नेताम, सदाराम नागेश, रतन नागेश, ओमप्रकाश, सांकेत पटेल सहित क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सरपंच संघ की बैठक आज



**छुईहा बेलर।** सरपंच संघ ब्लाक फिंगेश्वर की आवश्यक बैठक 8 जनवरी, दोपहर 12 बजे से स्थान फिंगेश्वर रेस्ट हाउस में रखा गया है। अध्यक्ष हरिश साहू, सचिव देवेंद्र वर्मा सरपंच सिर्रीखुर्द ने कहा बैठक में पंचायत ऑडिट, शासन योजना क्रियान्वयन, से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों सहित नववर्ष मिलन कार्यक्रम तथा अन्य आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। संघ अध्यक्ष ने समस्त सरपंच से कपिल कि नियत स्थान नियत समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं।

### सिंगर विक्रांत साहू का नया गाना नजर ना लगे हुआ रिलीज

**कोपरा।** क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी रेखन साहू के सुपुत्र सिंगर विक्रांत साहू छत्तीसगढ़ी संगीत प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी लेकर आई है गरियाबंद जिले के लोकप्रिय और उभरते हुए नायक विक्रांत साहू ने बरसात की पहली मौसम खो गए तै मोर रानी राजा मैं तोर रूप तोर देखकर करवा मैया शानदार गीतों के बाद एक बार फिर अपने नए रोमांटिक सॉन्ग नजर ना लगे के साथ दर्शकों के दिलों पर राज करने आ गए हैं। गाने का विमोचन लोहरसी मड़ाई मेला लोक कला महोत्सव में मोना सेन छत्तीसगढ़ फिल्म विकास बोर्ड अध्यक्ष के हाथों गाने का विमोचन किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद जनप्रतिनिधि व कलाकार मौजूद थे जिन्होंने विक्रांत और उसके माता-पिता को बधाई व्यक्त की इस गीत की खास बात यह है कि इनमें प्रेम भावनाएं और मधुर संगीत का शानदार संगम देखने को मिलेगा इस म्यूजिक वीडियो में मुख्य नायक तुषार साहू और नायिका वीणा साहू नजर आएंगे दोनों के फ्रेश और आकर्षक जोड़ी दर्शकों को एक नहीं लव स्टोरी का अहसास कराएगी। विक्रांत साहू और गोपिका साहू की आवाज से सजा है यह गीत दोनों की जुगलबंदी गीत में जान डाल देती है।

# लोक कलाओं को समृद्ध बनाना हम सबकी जिम्मेदारी: शिवांगी चतुर्वेदी

**कला महोत्सव में छत्तीसगढ़ फिल्म विकास बोर्ड अध्यक्ष मोना सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

ग्राम लोहरसी में जिला स्तरीय लोक कला महोत्सव मड़ाई मेला का आयोजन संझा बिहनिया लोक कला मंच एवं साहित्य समिति और युवा मित्र मंडल लोहरसी के तत्वावधान में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ फिल्म विकास बोर्ड अध्यक्ष मोना सेन सहित जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत महाडिक, पुष्पा जगन्नाथ उपाध्यक्ष जिला साहू समाज स्थानीय कलाकारों के अलावा छत्तीसगढ़ के स्टार कलाकारों की उपस्थिति और शानदार प्रस्तुति रही।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मोना सेन ने आयोजन के लिए बधाई दी और लोक कला संस्कृति के संरक्षण में काम करने और हमेशा मार्गदर्शन करते रहने की बात कही और जब हर हर हर भोला जैसे प्रसिद्ध गीत को गाकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। वहीं अध्यक्षता कर रही सभापति शिवांगी चतुर्वेदी और इन्द्रजीत महाडिक ने समिति को जिला स्तरीय लोक कला महोत्सव के लिए संकल्पित ऊर्जावान कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए संस्कृति सभ्यताओं को बचाने , पारंपरिक गीत संगीत जो हमारी विरासत है जिसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी होने की बात कही।



### इनका हुआ सम्मान

इस महती आयोजन में कला संस्कृति साहित्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग से पेंशनधारी कलाकारों का सम्मान, और राज्य स्तरीय सुप्रसिद्ध कलाकार और रंगकर्मियों का स्थानीय संवाददाताओं का सम्मान किया गया, जिसमें गायक विवेक शर्मा, आनंद निषाद , सुरेन्द्र सिन्हा संजना सिन्हा, उरेन्द्र साहू डॉ ईश्वर तारक रायपुर, डॉ नूतन लाल साहू गौकरण मानिकपुरी, गोकूल राम साहू बुधारू यादव दौलत यादव डा डोमन साहू विजय कुमार पटेल गंगा बाई मानिकपुरी , धनजी राम साहू भागवत राम सेन ठाकुर राम साहू चैतू राम तारक बृजलाल सिन्हा गायत्री राजपूत रुक्मणी दीवान मनेश्वर ध्रुव ,प्रेमन ध्रुव तुला राम साहू आदि हैं। वहीं बुजुर्ग सम्मान कड़ी में ग्राम के वयोवृद्ध पं माखन प्रसाद तिवारी गंगू सतनामी का भी शाल श्रीफल और पुष्पहार देकर सम्मानित किया गया।

### मंगलाचार व लोक विधाओं की प्रस्तुति से शुभारंभ

कार्यक्रम के आयोजक समिति के प्रमुख और संयोजक राजकुमार यादव ने बताया कि शाम 5 बजे भगवताचार्य पं पुष्कर तिवारी द्वारा मंगलाचार वैदिक मंत्रोच्चारण कर सांस्कृतिक लोक विधाओं की प्रस्तुति आरंभ किया गया, जिसमें पैरी सरगम पण्डवानी ग्रुप गरियाबंद गायत्री राजपूत,श्री राम संगीत विद्यालय राजिम तुला राम साहू और उनके टीम द्वारा भरथरी पंथी जसगीत और छुईहा के ख्यातिप्राप्त कलाकार मनेश्वर ध्रुव और विवेक शर्मा द्वारा अनेक भजनों एवं गीतों की मनमोहक छटा बिखरी। जिससे दर्शक दीर्घा से तालियां की गड़गड़ाहट और युवा किशोर नाचने और झूमने मजबूर हो गए।

## सामाजिक सहभागिता ने बढ़ाई आयोजन की गरिमा, भक्तों से सराबोर रहा क्षेत्र

# शाकम्भरी शक्तिपीठ लोहझर में नवरात्रि का भव्य आयोजन, 455 श्रद्धालुओं ने प्रज्ज्वलित की जोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष में शाकम्भरी शक्तिपीठ लोहझर में 27 दिसम्बर से 4 जनवरी तक शाकम्भरी नवरात्री का भव्य आयोजन किया गया जहां पर 455 श्रद्धालुओं के द्वारा मनोकामना जोत प्रज्जवलित किया गया। नवरात्र को भव्यरूप से मनाने के लिये शाकम्भरी शक्तिपीठ के संयोजक नारायण पटेल, छुरा, अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल पिपराही, सचिव योगेश पटेल, मंच संचालक हेमलाल पटेल, नोहरलाल पटेल, संरक्षक हेमू पटेल, लोहझर एवं जीवन लाल पटेल पिपराही कई दिनों से लगे रहे। जिसके फलस्वरूप 27 दिसम्बर को मातृशक्तियों के द्वारा जलयात्रा के साथ शुभमुहुर्त में पं. तुलसीराम दूबे के मंत्रोचारण के साथ घटस्थापना, ज्योति प्रज्जवलित कर नवरात्र पर्व का शुभारम्भ किया गया।

27 दिसम्बर को रात्रि में जय माँ शीतला जगराता छुरा, का भजन संध्या, 28 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक छत्तीसगढ़ के ख्यातिप्राप्त जसगीत मंडलियों के द्वारा माँ भगवती शाकम्भरी के अवतरण की कथ का बखान किया गया साथ ही मातृशक्तियों के द्वारा मांदर की थाप पर पारम्परिक भजन एवं भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया जिसमें जय माँ शीतला जस परिवार पलेमा प्रथम, स्वर माला जगराता ग्रुप देवगांव द्वितीय एवं सुर सरगम जस परिवार बोरसी तृतीय स्थान पर रहे। जिसके निर्णायक की भूमि में शंकर लाल यदु, अर्जुन धनंजय सिन्हा,भीखम पटेल,भोज पटेल, संतराम कंवर, देवनारायण यदु रहे। पंचमी पूजन के दिन विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शाकम्भरी मरार समाज छुरा क्षेत्र एवं छत्तीसगढ़ शाकम्भरी सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन में छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा से आये रक्तवीरों, छुरा थाना के रक्तवीरों एवं क्षेत्र के युवाओं के द्वारा उत्साहपूर्वक रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं को समाज सेवी मनोज पटेल साथ ही सभी अतिथ्यिों के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर धन्यवाद दिया गया।



**इनका रहा योगदान :** नवरात्रि पर्व की कार्यक्रमों का सफल संचालन हेमलाल पटेल व्याख्याता व नोहर लाल पटेल, प्रधान पाठक के द्वारा किया गया। आयोजन को सफल में शुकेल पटेल उपाध्यक्ष, धनीराम पटेल कोषाध्यक्ष, अंकेक्षक बेदराम पटेल, संतीष पटेल, राधेलालापटेल, प्यारेलाल पटेल, गेंदलाल पटेल, मनोज पटेल, गुलाप पटेल, युवराज पटेल, घनाराम पटेल के साथ युवाओं, मातृशक्तियों में जमुना पटेल, लक्ष्मीन पटेल, पुराईनबाई पटेल, शकुन्तला पटेल, अन्नुका पटेल, अरूणा पटेल, परमिला पटेल, पूर्णिमा पटेल, उर्वशी पटेल के साथ सामाजिक बन्धुओं के साथ ग्रामवासियों, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों का आभार प्रदर्शन संयोजक नारायण पटेल एवं अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल के द्वारा किया गया है।

### कथावाचक का बाईक रैली से हुआ स्वागत

पंचमी पूजन के अवसर पर राष्ट्रीय कथावाचक का आगमन हुआ जिसे छुरा के शीतला मंदिर से लोहझर तक बाईक रैली से स्वागत सत्कार किया गया, राष्ट्रीय कथा वाचक श्रीयुत आचार्य पंडित युवराज पाण्डेय जी अमलीपदर देवभोग द्वारा माता शाकम्भरी के प्राकट्य कथ का बहुत ही सुन्दर विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया गया उन्होनं कहा कि संसार के जीव जन्तुओं, प्राणियों के दुख दूर करने मानव जाति के कल्याण एवं पालन हेतु माता शाकम्भरी का अवतरण हुआ तथा भीषण आकाल में मानव जाति एवं जीव जन्तुओं की पीड़ा को देखकर मात अपने शरीर से हजार नेत्रों से अश्रुधारा प्रवाहित कि जिससे धरती में नदी नालों में पानी बहने लगा जिसको जिससे धरती हराभरा हो गया जिसके कारण माता का नाम शताक्षी कहलाई और सागसब्जी, कन्दमूल, फलफूल पैदा करने से शाकम्भरी कहलायी।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान व समयबद्ध भुगतान पर हुई चर्चा



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ शाखा मैनपुर के प्रतिनिधिमंडल ने आज विकासखंड शिक्षा अधिकारी से सौजन्य मुलाकात कर शिक्षा एवं कर्मचारी हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा की। इस अवसर पर शिक्षा सत्र 2025–26 में सेवानिवृत्त होने वाले समस्त कर्मचारियों एवं शिक्षकों के सम्मान तथा उनकी सेवानिवृत्ति से संबंधित देयकों के समयबद्ध भुगतान को लेकर विशेष रूप से विचार–विमर्श किया गया।

प्रतिनिधिमंडल द्वारा यह विषय प्रमुखता से रखा गया कि जो शिक्षक एवं कर्मचारी वर्षों तक शिक्षा विभाग की सेवा करते हुए सेवानिवृत्त होते हैं, उनके सम्मान की एक गरिमामयी परंपरा स्थापित की जानी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आग्रह किया कि सेवानिवृत्ति के दिन ही संबंधित शिक्षक या कर्मचारी को उनकी समस्त देय राशि—जैसे पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण एवं अन्य भुगतान—समय पर और बिना किसी विलंब के प्रदान की जाए, जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक असुविधा का सामना न करना पड़े। विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना गया तथा इस संबंध में सकारात्मक पहल एवं आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि विभागीय प्रक्रियाओं को समय पर पूर्ण करने हेतु संबंधित शाखाओं के साथ समन्वय स्थापित कर प्रयास किए जाएंगे, ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मान और भुगतान दोनों ही समय पर मिल सकें। इस मुलाकात के माध्यम से शिक्षक संघ ने यह स्पष्ट किया कि वह सदैव शिक्षक एवं कर्मचारी हितों की रक्षा तथा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रमुख रूप से राम तिवारी, शंकर लाल वर्मा, चित्रसेन पटेल, लोकेश्वर राव भोसले, दिलीप कुमार साहू, देवलाल बरीहा, विष्णु सोम ,टीकम सिंह ठाकुर, नरोत्तम साहू उपस्थित थे।

# एसआईआर एक प्रशासनिक विफलता, लोकतंत्र से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: चमन यादव

**छुरा।** राज्य में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे एसआईआर को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा कहा गया है कि पार्टी मतदाता सूची में अनियमितता पर गहरी चिंता और कड़ा विरोध दर्ज किया है। जिलाध्यक्ष चमन यादव ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता के नाम पर चल रही यह प्रक्रिया ज़मीनी स्तर पर भारी गड़बड़ियों, अव्यवस्था और गंभीर लोकतांत्रिक उल्लंघनों से ग्रस्त है। आम आदमी पार्टी का स्पष्ट आरोप है कि एसआईआर के दौरान हजारों पात्र, जीवित और स्थायी नागरिकों के नाम बिना कारण, बिना सूचना और बिना सुनवाई के मतदाता सूची से हटाए गए हैं, जो सीधे-सीधे नागरिकों के संवैधानिक मताधिकार पर हमला है। छत्तीसगढ़ में राज्य के 27 लाख 34 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर आम आदमी पार्टी कड़ा ऐतराज जताती है।



■ छत्तीसगढ़ में 27 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर जताई गहरी चिंता

प्रदेश के अलग-अलग जिलों से अब तक 2 लाख 74 हजार से ज्यादा प्रदेशवासियों ने वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए फॅार्म भरा है। राज्य में 7 नवंबर से शुरू हुई यह प्रक्रिया मात्र 45 दिन तक चली, जबकि इसे कम से कम 6 महीने करना था। और जिन लोगों के नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं हैं, उन्हें इलेक्शन कमीशन की तरफ से नोटिस देकर अपने नाम दोबारा जुड़वाने का पर्याप्त समय नहीं दिया गया है। और दावे और आपत्तियां 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक ही रखी गयी है। वहीं सुनवाई और वेरिफिकेशन 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक होंगे। अंतिम वोटर लिस्ट 21 फरवरी 2026 को पब्लिश की जाएगी । इसके लिए भी कम समय दिया गया है इसे 6 महीने बढ़ाया जाये।

**जब मतदाता भी बढ़े हैं तो इतनी कम समय सीमा क्यों :** आयोग के सरकारी आंकड़े अनुसार जब 2003 में एसआईआर हुआ था उस समय मतदाता कम होने के बावजूद 8 महीने की समय सीमा रखी गयी थी तो अभी जब मतदाता भी बढ़े हैं तो इतनी कम समय सीमा क्यों। जारी एसआईआर लिस्ट में में बहुत खामियाँ और गड़बड़ियाँ हैं। बिना कारण नाम हटाए जाना सबसे गंभीर अपराध है। वर्षों से मतदान कर रहे मतदाताओं के नाम अचानक गायब हैं न कोई नोटिस, न कारण, न सुनवाई।यह प्रक्रिया असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। बीएलओ सत्यापन केवल कागज़ों में, सत्यापन पूरी तरह असफलहै।घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन कई क्षेत्रों में नहीं हुआहै जबकि रिपोर्ट में सत्यापन "पूर्ण" दर्शाया गया है। नागरिकों से न मुलाकात, न हस्ताक्षर कराये गये। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में, जहाँ आदिवासी अंचल,घने जंगल,दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र और सीमित परिवहन हैं, वहाँ एसआईआर की समय-सीमा व्यवहारिक वास्तविकताओं के बिल्कुल विपरीत रखी गयी। आम जनता को एसआईआर की जानकारी तक नहीं मिल पायी। न व्यापक प्रचार,न ग्राम सभा/स्थानीय सूचना तंत्र,अधिकांश मतदाताओं को पता ही नहीं चला कि एसआईआर चल रहा था।

# वीएनआर फार्म भ्रमण से कृषि छात्रें को मिली नवाचार आधारित बागवानी की जानकारी

**फिंगेश्वर।** इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, गरियाबंद में रावे कार्यक्रम के अंतर्गत चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थी एवं फल और बागान फसलों की उत्पादन तकनीक के अंतर्गत द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने टछत फार्म का शैक्षणिक भ्रमण किया गया।

■ 250–300 एकड़ में फैले फा फल और बागान फसलों की उन्नत तकनीकों का अवलोकन

इस भ्रमण का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. गिरिजेश शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम समन्वयक श्री लेखराम वर्मा, सह–समन्वयक डॉ. अविनाश कुमार गौतम तथा डॉ.कुंतल साटकर, सहायक प्राध्यापक(फल शास्त्र) के द्वारा आयोजित किया गया।इस अवसर पर वीएनआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.रणदीप घोष की उपस्थिति रही,जबकि विद्यार्थियों को व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने का दायित्व विक्की द्वारा निभाया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को लगभग 250–300 एकड़ क्षेत्रफल' में फैले वीएन आर फार्म में संचालित अनुसंधान एवं अनुकूलन परीक्षणों की जानकारी दी गई।विद्यार्थियों ने देखा कि किस प्रकार ऐसे फल–फसलों पर परीक्षण किए जाते हैं,जो सामान्यतः छत्तीसगढ़ की जलवायु के अनुकूल नहीं माने जाते, फिर भी वैज्ञानिक विधियों से उन्हें उगाकर उनके प्रदर्शन का अध्ययन किया जाता है।इसके साथ ही विद्यार्थियों को नर्सरी एवं ऑर्चर्ड प्रबंधन,ग्रीनहाउस एवं नेट हाउस संरचनाओं तथा आधुनिक बागवानी तकनीकों की जानकारी दी गई। विशेष रूप से अमरूद में एस्पेलियर प्रशिक्षण प्रणाली के प्रयोग को वीएनआर की एक विशिष्ट पहल के रूप में प्रदर्शित किया गया।इसके साथ ही फलों की गुणवत्ता और बाजार योग्यता बढ़ाने हेतु तीन–स्तरीय बैगिंग तकनीक के उपयोग को भी समझाया गया।भ्रमण के दौरान वीएनआर द्वारा विकसित एवं जारी की गई।विभिन्न उन्नत किस्मों का प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को 'फसल' नामक आधारित उपकरण के प्रयोग की जानकारी दी गई, जो मौसम की निगरानी के साथ–साथ कीट एवं खरपतवार प्रकोप की संभावनाओं का पूर्वानुमान लगाने में सहायक है।इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को अनुसंधान,तकनीकी नवाचार एवं आधुनिक बागवानी प्रबंधन की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई,जो उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।



# कृषि छात्रों ने किया कृषि उद्यमियों के फार्म में शैक्षणिक भ्रमण, छात्र हुए प्रेरित

**फिंगेश्वर।** इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र,गरियाबंद में दिनांक 6 जनवरी को कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को प्रायोगिक अनुभव के अंतर्गत कृषि उद्यमियों के फार्म में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को कृषि आधारित उद्यमिता, उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के प्रथम चरण में विद्यार्थियों ने साजापाली एवं मुरमुरा ग्राम में संचालित औषधीय पौधों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण इकाइयों का भ्रमण किया। इस दौरान मेडिसिनल फार्म के मालिक आर.एल. साहू ने विद्यार्थियों को औषधीय पौधों के उत्पादन, प्रसंस्करण,मूल्य संवर्धन तथा उद्यमिता विकास की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इसके साथ ही,उन्होंने इस क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न चुनौतियाँ, अपनाई गई रणनीतियाँ तथा आपसी समन्वय के महत्व पर प्रकाश डाला।इस चरण में विद्यार्थी काफी प्रेरित हुए।

**उद्यमिता की बारीकियों पर हुई गहन चर्चा :** भ्रमण के द्वितीय चरण में विद्यार्थियों की मुलाकात अमरूद की उन्नत खेती के लिए प्रसिद्ध सफल कृषक उद्यमी कबीर चंद्राकर से हुई। इस अवसर पर लगभग दो घंटे तक गहन चर्चा की गई, जिसमें उद्यमिता की बारीकियाँ, फॉल्स मोटिवेशन से बचाव, गणना आधारित योजना, विपणन रणनीति,उत्पाद की विशिष्टता कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर उपयोगी जानकारी साझा की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने चंद्राकर के अमरूद फार्म का भ्रमण कर व्यावहारिक कृषि प्रबंधन को नजदीक से समझा। अंत में छात्रों ने एक्जॉटिक फल पौध उत्पादन इकाई का भी अवलोकन किया। इस संपूर्ण शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थी अत्यंत उत्साहित एवं प्रेरित हुए।यह शैक्षणिक भ्रमण डॉ.गिरीजेश शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।







हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव

उपहार वितरण सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।

नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।